विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में पारंपरिक परिधान में निकाली रैली

- बैंड-बाजों और डीजे की धून पर जमकर थिरके युवा
- पारंपरिक वेशभूषा में उमड़ा जनसैलाब

बड़वानी, (नवभारत)। 9 अगस्त को मनाए जाने वाले विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में राजपुर नगर में ब्लॉक स्तरीय सप्ताहव्यापी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत नगर के दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर श्रीराम चौराहा, बस स्टैंड एवं बड़वानी रोड़ होते हुए मंडी प्रांगण तक विशाल रैली निकाली गई। रैली में आदिवासी समाज के युवा, महिलाएं, वरिष्ठजन एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैंड-बाजों और डीजे की धून पर पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवा पूरे उत्साह के साथ नृत्य करते हुए समाज की संस्कृत, परंपरा और एकता का संदेश देते नजर आए।

क्षेत्रीय विधायक बाला बच्चन रैली में शामिल हुए तथा समाजजनों को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

आयोजन समिति के सदस्य सचिन पटेल एवं राजेंद्र मुजाल्दे ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की गौरवशाली संस्कृति, समृद्ध परंपराओं, वीरता, जल-जंगल-जमीन से जुड़े जीवन मूल्यों और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इसी उद्देश्य से राजपुर में सप्ताहव्यापी कार्यक्रम हुए, जिनमें समाज के प्रत्येक वर्ग ने भागीदारी निभाई। उन्होंने बताया कि विशाल रैली के माध्यम से समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया गया। आयोजन को

सफल बनाने में समाज के युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठजनों एवं स्वयंसेवकों का उल्लेखनीय योगदान रहा। सभा को एडवोकेट सुमेर सिंह बड़ोले, आदिवासी एकता परिषद के पूर्व अध्यक्ष शिवभानु सिंह मंडलोई, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डॉ राजू पटेल, छात्र नेता अरुण बड़ोले, जयस जिलाध्यक्ष संदीप सोलंकी, बसपा नेता अनिल बड़ोले, दिनेश चौहान, पंकज गोरे, सुखलाल गोरे एवं अमरसिंह बड़ोले ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील सोलंकी एवं सुनील वर्मा ने किया। मुन्ना मोरे ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

संगीत की धुन पर जमकर झूमे लोग, ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सचिन पटेल, विजय गौरे, अखिलेश पटेल, पंकज गोरे, दिनेश चौहान, अखिलेश बघेल, जगदीश डावर, बालकृष्ण जमरे, अंकुश चौहान, जितेंद्र जमरे, हरिओम बघेल, अर्जुन वास्कले, मनोज जमरे, शैलू अवासे, संतोष निगम, गोलू लोहारे, भागीरथ वास्कले, अनारसिंह सरपंच, रवि बामनिया, अखिलेश बालके, अजय अवासे, शेरु गोथरे, मुकेश चौहान, विनोद डावर व बड़ी संख्या में समाजजन एवं नागरिक उपस्थित रहे।

त्योहारों पर बना रहे सभी में सौहार्द

बड़वानी, (नवभारत)। शिव डोला, नागपंचमी, मिलादुन्नबी एवं आदिवासी दिवस के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 8 अगस्त को एसपी पद्मविलोचन शुक्ल एवं एएसपी धीरज बब्बर द्वारा एसपी ऑफिस में सभी थानों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली।

इसमें जिविशा प्रभारी निरीक्षक रेखा वास्के, विशेष शाखा प्रभारी निरीक्षक संदीप सुल्या, उप निरीक्षक जीवन चांदोरे, जिविशा और अन्य उपस्थित रहे। बैठक में निर्देशित किया कि त्यौहारों में जनसामान्य की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। आमजन को अवगत कराया जाए कि त्यौहारों के दौरान होने वाले कार्यक्रमों के लिए संबंधित प्रशासन से विधिवत अनुमति लेने के बाद ही आयोजन किया जाए।

एक नजर में

कॅरियर सेल ने आयोजित की कार्यशाला

बड़वानी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कॅरियर सेल द्वारा विद्यार्थियों के कॅरियर निर्माण और व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रखते हुए कम्युनिकेशन स्किल एवं कॅरियर उन्नयन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें 300 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्राचार्य डॉ वीणा सत्य ने कहा कि विद्यार्थी के पास अपने ज्ञान, विचार और क्षमताओं को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने की क्षमता भी होनी चाहिए। बेहतर संवाद कौशल विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, रोजगार और विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में आगे बढ़ने में सहायता कर सकता है। डॉ मधुसूदन चौबे ने कहा कि प्रभावी संवाद केवल बोलने तक सीमित नहीं है। अपनी बात को स्पष्ट, संक्षिप्त और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना तथा सामने वाले की बात को ध्यानपूर्वक सुनकर उसका सही अर्थ समझना भी संवाद कौशल का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के क्षेत्र में साक्षात्कार महत्वपूर्ण चरण होता है। साक्षात्कार के दौरान अभ्यर्थी के ज्ञान के साथ उसकी अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास, व्यवहार और परिस्थितियों को समझने की क्षमता भी सामने आती है। इस दौरान दिव्या जमरे, भोला बामनिया, संजु डूडवे, कन्हैयालाल फूलमाली, जोया खान, हंसा धनगर एवं आरती धनगर का भी सहयोग रहा।

रेशम की डोर से रिश्तों को जोड़ने के लिए मनोरोगी बना रहे राखियां

बड़वानी, (नवभारत)। भारतीय संस्कृति के प्रमुख त्योहारों में एक रक्षाबंधन, जिसकी डोर रेशम के महीन धागों से बूनी होती है। त्यौहारों का महत्व भुलकर अपने घर से दूर विक्षिप्तता की स्थिति में जब मनोरोगी परिवार से बिछड़ता है, तो यह उस परिवार के लिए तो वेदना का विषय होता ही है, लेकिन परिवार से दूर जीवन बिता रहे उस मनोरोगी के लिए संवेदना शून्य की तरह होता है।

संवेदनाओं की इस शून्यता को दूर करने के लिए संस्था निरंतर प्रयास करते हुए एक और मनोरोगियों को स्वावलंबन के साथ उपचार प्रदान कर बिछड़े परिवारों से मिला रही है। वहीं आश्रम में उपचाररत मनोरोगियों में सनातनी संस्कृति के त्यौहारों के प्रति पुन: संवेदना भी जगा रही है।

उक्त बातें आशाग्राम ट्रस्ट के सचिव डॉ चक्रेश पहाड़िया ने मनोरोगियों को राखी बनाने के कार्य में प्रोत्साहित करते हुए सांझा की। आशा आश्रय गृह की मैनेजर साधना भावसार के संयोजन में राखी निर्माण के कार्य में लगे मनोरोगी सुंदर राखियों का निर्माण कर रहे हैं।

14 .84 करोड़ की लागत से बन रहा शासकीय महाविद्यालय भवन

सेंधवा, (नवभारत)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बलवाड़ी में 14.84 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किए जा रहे शासकीय महाविद्यालय के निर्माणाधीन भवन का शनिवार दोपहर अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अंतरसिंह आर्य ने अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों को भवन निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल ने बताया कि अंतरसिंह आर्य ने बलवाड़ी एवं आसपास के क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने महाविद्यालय भवन के निर्माण कार्य का बारीकी से अवलोकन किया। भवन के विभिन्न

हिस्सों का निरीक्षण कर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता एवं भवन की मजबूती पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

आर्य ने कहा कि भवन का निर्माण लंबे समय तक विद्यार्थियों के उपयोग में आने वाला है, इसलिए इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ किया जाए तथा भवन की मजबूती का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही आर्य ने निर्माणाधीन भवन के नक्शे का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के लिए भूमि चयन को लेकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, जिसके चलते भवन निर्माण कार्य में देरी हुई है। इससे बलवाड़ी व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए दूर जाने की आवश्यकता कम होगी व स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा की सुविधाएं सुलभ हो सकेगी।

अंतरसिंह आर्य ने महाविद्यालय की छात्राओं से भी चर्चा की। आर्य ने कहा कि गांव का विकास शिक्षा से ही होता है। शिक्षा के माध्यम से ही समाज और क्षेत्र को आगे बढ़ाया जा सकता है। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों से चर्चा कर स्थानीय स्तर की आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास एवं शिक्षा से जुड़े विषयों को लेकर अपनी बात रखी। इस दौरान वरला, बलवाड़ी व आसपास ग्रामों के बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

30 तक लिए जाएंगे आवेदन

बड़वानी। दलहनों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चयनित जिले में प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग यूनिट की स्थापना की जाना है। योजना अंतर्गत पात्र आवेदकों को वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह सहायता विशेष रूप से कृषक उत्पादक संगठनों कलस्टर लेवल फेडरेशन, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, उद्यमियों एवं व्यक्ति को सशक्त बनाने के लिए है, जो प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करना चाहते हैं। पात्र हितग्राहियों को प्रस्ताव अंतर्गत प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग यूनिट तथा भवन, गोदाम, भंडारण अधोसंरचना निर्माण के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। भूमि, विद्युत, मानव संसाधन पर होने वाले व्यय को शामिल नहीं किया जाएगा। सहायता परियोजना लागत का अधिकतम 33 प्रतिशत या प्रति इकाई राशि 25.00 लाख रूपए सीमित है। आवेदन की अवधि 30 अगस्त 2026 तक प्रस्तुत की जा सकेगी।

झाबुआ-आलीराजपुर

एक नजर में

सिंधी-पंजाबी समाज मना रहा भगवान झूलेलाल का चालीहा

झाबुआ। सावन मास में सिंधी एवं पंजाबी समाज द्वारा मिलकर श्री झूलेलाल भगवान का चालीहा धूमधाम से एवं उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। समाज के घरों में महिलाओं द्वारा प्रतिदिन श्री झूलेलाल के भजन-कीर्तन गाने के साथ पूजन-पाठ कर भगवान को भोग लगाया जा रहा है। भजन-कीर्तन बाद आरती कर प्रसादी वितरण हो रहा है। जानकारी देते हुए मोना गिधवानी ने बताया कि श्री झूलेलाल भगवान सिंधी समाज के इष्टदेव है। इन दिनों देशभर में सिंधी एवं पंजाबी समाज मिलकर भगवान श्री झूलेलाल देव के चालीहे पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे है। इसी क्रम में सावन मास में सनातन संस्कृति एवं धर्म जागरण के उद्देश्य से शहर में भी सिंधी एवं पंजाबी समाज की महिलाओं द्वारा मिलकर पिछले एक सप्ताह से विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे है। जिसमें प्रतिदिन समाज के घरों पर जाकर संध्याकाल श्री झूलेलाल भगवान को भोग लगाकर पूजन किया जा रहा है। बाद महिलाएं समूह में भगवान के भजन-कीर्तन कर रहीं है। आयोलाल चओ झूलेलाल के जयघोष लगाकर भगवान से परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की जा रहीं है। करीब डेढ़ से 2 घंटे भजन-कीर्तन बाद झूलेलालजी की आरती कर भोग प्रसाद का वितरण हो रहा है। 7 अगस्त, शुक्रवार संध्याकाल स्थानीय सिद्धेश्वर कॉलोनी में पंजाबी समाज की वरिष्ठ आझा छाबड़ा के निवास पर पूजन-पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों समाज से जुड़े दयावंती आहूजा, रीना चावला, प्राची सावलानी, दीपा गुरनानी, मोना गिधवानी, सिमरन लालवानी, जयु सावलानी, हेमा सावलानी आदि उपस्थित रहीं।

हरीराम हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार, एक नाबालिग

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो, महिला की रिपोर्ट पर की कार्रवाई

पेटलावद। धार जिले के धुलेट निवासी हरीराम गेहलोत की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। इनमें एक नाबालिग है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अर्जुन उर्फ राजू भूरिया, निवासी छोटा माछलिया है। मामले में 2 अगस्त की रात भुलीबाई (42) निवासी 8, अटल बस्ती पेटलावद ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके जान-पहचान के हरिराम पिता गोमाजी गेहलोत, निवासी धुलेट, जिला धार के साथ रात में देवा पिता थावरिया सिंगाड, निवासी संजय कॉलोनी राजगढ़, जिला धार और अन्य व्यक्ति द्वारा गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई, जिससे हरिराम को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता इस कारण भी बढ़ गई कि आरोपियों द्वारा कथित मारपीट एवं घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। विवेचना के दौरान थाना राजगढ़, जिला धार से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी देवा उर्फ देवीलाल सिंगाड, निवासी संजय कॉलोनी राजगढ़, जिला धार के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। आरोपी देवा थाना राजगढ़ क्षेत्र का आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति होकर उसके विरुद्ध पूर्व में 13 अपराध दर्ज हैं।

विश्व आदिवासी दिवस पर आज शहर में भारी वाहनों की नो-एंट्री

आलीराजपुर। विश्व आदिवासी दिवस पर रविवार को शहर में आयोजित कार्यक्रमों को देखते हुए यातायात पुलिस ने ट्रैफिक प्लान जारी किया है। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चांदपुर, आम्बुआ, नानपुर और उमराली की ओर से आने वाले बड़े मालवाहक वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आम्बुआ, नानपुर व सेमलपाटी की ओर से आने वाले मालवाहक वाहनों की पार्किंग आम्बावाड़ी काजू विकास रोड पर, जबकि चांदपुर और सोरवा की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग पटाखा मैदान, उमराली रोड पर रहेगी। उमराली की ओर से आने वाले वाहन एचपी पेट्रोल पंप के पास खड़े होंगे। यातायात व्यवस्था संभालने के लिए दाहोद नाका, सिनेमा चौराहा, बस स्टैंड, पोस्ट ऑफिस, कोर्ट तिराहा, राक्शा तिराहा और चर्च तिराहा पर पुलिस बल तैनात रहेगा। चांदपुर में करण ढाबे के सामने मुख्य कार्यक्रम होगा। यहां भदु पचाया के घर के सामने, गुड़ा रोड मसानिया फलिया पुलिया के पास तथा आलीराजपुर रोड पेट्रोल पंप के पास पार्किंग व्यवस्था रहेगी। पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने की अपील की है।

जिला माहेश्वरी महिला मंडल का गठन, वर्षा जागेटिया बनीं अध्यक्ष

राणापुर। माहेश्वरी समाज जिला इकाई, झाबुआ के अंतर्गत जिला माहेश्वरी महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का 2026 से 2029 कार्यकाल सर्वसम्मति से गठन किया गया। कार्यक्रम समाज के जिला अध्यक्ष अर्पित राठी, जिला सचिव कमलेश चिचानी तथा प्रादेशिक कार्यकारिणी सदस्य पंकज जागेटिया के सहयोग एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी एवं महिला मंडल की संयुक्त मंत्री अनीता कोठारी (अलीराजपुर) की मे निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण हुई तथा नवगठित कार्यकारिणी का अनुमोदन किया गया।

नवगठित कार्यकारिणी में वर्षा पंकज जागेटिया (राणापुर) को अध्यक्ष, शिखा अर्पित राठी (राणापुर) को मंत्री, प्रियांशी केशव माहेश्वरी (झाबुआ) को उपाध्यक्ष, संगीता कमलेश चिचानी (राणापुर) को कोषाध्यक्ष, श्रीमती मनोरमा महेश जाजू (राणापुर) को संगठन मंत्री,

निकिता हर्षवर्द्धन राठी (राणापुर) को संयुक्त मंत्री, रिया नितेश अजमेरा (झाबुआ) को प्रचार मंत्री तथा श्रीमती रश्मी संदीप माहेश्वरी (राणापुर) को सांस्कृतिक मंत्री बनाया गया। जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राखी दिनेश चिचानी, पूनम हंसमुख राठी एवं श्रीमती राधिका माधव राठी (राणापुर) को मनोनीत किया गया। वहीं पश्चिमांचल सदस्य के रूप में विजया नारायण बजाज (झाबुआ), अंजना प्रमोद सोनी (झाबुआ) और पूजा संदीप राठी (राणापुर) को दायित्व सौंपा गया।

चोरी की बाइक का रंग बदलकर सड़कों पर दौड़ा रहा था आरोपी, चेकिंग में दबोचा

आलीराजपुर। पुलिस से बचने के लिए चोरी की मोटरसाइकिल का रंग बदलकर उसका इस्तेमाल करना एक आरोपी को भारी पड़ गया। बखतगढ़ पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली है।

पुलिस के अनुसार ग्राम गारादेही, थाना जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा निवासी सुरेन्द्र कुमार बारसिया (30) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी मोटरसाइकिल जिसकी कीमत करीब 25 हजार रुपए है, ग्राम छकतला में

सरकारी अस्पताल के पास नट्टू के मकान के सामने से रात के समय चोरी हो गई। शिकायत पर थाना बखतगढ़ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने तत्काल आरोपी को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने कई मामले कबूले हैं।

चेकिंग में खुला चोरी की बाइक का राज

चोरी की मोटरसाइकिल और आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार वाहन चेकिंग एवं संदिग्धों की जांच कर रही थी। इसी दौरान 6 अगस्त को चौकी छकतला के सामने वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की और वाहन के दस्तावेजों की जांच की तो बाइक चोरी की निकली।

एक नजर में संगठनात्मक गतिविधियों संबंधियों को लेकर की चर्चा

भाजपा खेल प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक का प्रदेश सहसंयोजक ने किया सम्मान

झाबुआ। भाजपा खेल प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश सह-संयोजक कुलदीपसिंह चौहान ने इंदौर पहुंचकर भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मानसिंह यादव का भावभरा अभिनंदन कर उनके मनोनयन हेतु आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रदेश में खेल प्रकोष्ठ की आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर बातचीत की तथा भाजपा के माध्यम से संपूर्ण प्रदेश में खेल गतिविधियों को निरंतर ऊंचाइयां प्रदान करने के लिए रूपरेखा बनाई गई। जानकारी देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी ने बताया कि भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भाजपा खेल प्रकोष्ठ प्रदेश सह-संयोजक कुलदीप चौहान के साथ युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश परमार, जिला उपाध्यक्ष सोनूअली सैयद एवं अन्य पदाधिकारी-कार्यकर्ता

पार्टी के खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मानसिंह यादव से मुलाकात करने इंदौर पहुंचे। जहां संगठन कार्यालय पर उनसे भेंटवार्ता की। जिसमें प्रदेश संयोजक यादव का पुष्पमाला पहनाकर भावभरा स्वागत किया। बाद जिले की संस्कृति के अनुरूप यादव को आदिवासी गुड़िया एवं तीर-कमान भेंट किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश संयोजक श्री यादव ने कुलदीप चौहान को भी प्रदेश सह-संयोजक की नवीन जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की और भाजपा तथा खेल प्रकोष्ठ के माध्यम से संगठन को ओर अधिक मजबूत तथा सक्रिय बनाने की बात कहीं। प्रदेश संयोजक यादव ने कहा कि आगामी दिनों में नवीन प्रदेश कार्यकारिणी के साथ मिलकर खेल गतिविधियों को ओर अधिक सक्रियता प्रदान करने के साथ पार्टी की रीति-नीति और कार्यों तथा सरकार की योजनाओं से जन-जन को अवगत करवाया जाएगा। इस दौरान खेल प्रकोष्ठ प्रदेश सह-संयोजक श्री चौहान ने प्रदेश संयोजक यादव से आशीर्वाद भी प्राप्त कर झाबुआ जिले सहित प्रदेशभर में उनके मार्गदर्शन अनुसार कार्य करने की बात दोहराई।